Alongside the new release, the Universal Peace Centre also reintroduced five influential works by Swamiji, making them accessible to both Indian and international audiences. These include his detailed autobiography, which chronicles his extraordinary barefoot journey of over 60,000 kilometres across India, his encounters during Himalayan meditation, and his commitment to spreading universal peace.

Another notable title focuses on Sunyoga, a practical spiritual discipline that integrates ancient Vedic knowledge with experiential meditation. This book provides structured guidance for individuals interested in improving physical health, mental clarity, and spiritual awareness through disciplined practice.

Books centred on family life and spirituality also form an important part of the collection. These works highlight how spiritual growth does not require renunciation of household responsibilities and instead can flourish within family life, reinforcing harmony, discipline, and shared purpose.

Universal Peace Centre's Vision Behind the Book Launch

The book launch aligns closely with the broader mission of the Universal Peace Centre, a non-profit organisation based in West Bengal that promotes unity beyond caste, creed, religion, or nationality. Founded in 1998 by Swamiji Sunyogi Umasankar Ji along with his mother, the organisation aims to build a global brotherhood rooted in peace and shared human values.

The Centre's leadership believes that literature plays a critical role in spiritual awakening. By publishing and promoting these books, UPC aims to make timeless wisdom accessible in a format that resonates with today's generation, especially those feeling disconnected or overwhelmed by modern pressures.

Swamiji Sunyogi Umasankar Ji's Spiritual Journey Reflected in His Writings

Swamiji Sunyogi Umasankar Ji discovered Sun Meditation in 1995 and later undertook an intense six-year barefoot journey across India to spread the message of unity, peace, and brotherhood. His deep Himalayan sadhana and transformative spiritual experiences form the foundation of the teachings reflected in his books.

His philosophy emphasises self-realisation through discipline, awareness, and responsibility towards family and society. The books launched during this event are a direct extension of these lived experiences, offering readers practical insights rather than abstract theories.

Growing Interest in Spiritual Literature Among Indian Youth

As per report, The launch of these books comes at a time when interest in spiritual and philosophical literature is witnessing renewed growth among Indian youth. With increasing mental health challenges, stress, and existential confusion, many young readers are turning towards books that offer depth, direction, and emotional stability. The organisers expressed confidence that the new spiritual novel, in particular, will find strong resonance with students, young professionals, and readers seeking purpose beyond routine success.

A Meaningful Addition to India's Spiritual Publishing Landscape

The Universal Peace Centre's book launch is more than a literary event; it is positioned as a cultural and spiritual initiative aimed at nurturing inner transformation. By blending storytelling with philosophical insight, the books promise to occupy a unique space in India's evolving spiritual discourse.

As the books reach a wider audience in the coming months, they are expected to contribute meaningfully to conversations around self-realisation, conscious living, and universal peace - values that remain deeply rooted in India's civilisational ethos.

(ADVERTORIAL DISCLAIMER: The above press release has been provided by PNN. ANI will not be responsible in any way for the content of the same.)

Verdictum

NHRC Initiates Action Against `Proxy Governance' In Women-Reserved Local Bodies; Issues Summons To Senior Officials Of 32 States & UTs

ByTulip Kanth|15 Dec 2025 3:00 PM

https://www.verdictum.in/news/nhrc-conditional-summons-statesuts-curb-practice-proxy-representation-of-sarpanch-pati-1601312

Deprecating the practice of proxy representation ('Sarpanch Pati' phenomenon), which is the unconstitutional practice of husbands and other male relatives of elected women Sarpanches exercising authority on their behalf, the National Human Rights Commission (NHRC) has issued conditional summons to 32 States, including the Union Territories.

The Commission, in its letter to the Ministry of Panchayati Raj as well as various Urban Local Bodies Departments, mentioned the rising concerns regarding the persistent violations of constitutional mandates and human rights in the functioning of Panchayati Raj Institutions (PRIs) and Urban Local Bodies (ULBs), particularly in constituencies reserved for women. The complaint referred to the directions of the Supreme Court in Mundona Rural Development Foundation v. Union of India (Writ Petition (Civil) No. 615/2023), wherein the unlawful practice of 'Sarpanch Pati' was categorically deprecated.

The Bench of the National Human Rights Commission, presided by Priyank Kanoongo, on September 9, 2025, took cognisance under Section 12 of the Protection of Human Rights Act, 1993, in the matter for the protection of human rights of the people and their Right to the dignity of women. The Commission directed its Registry to issue Notices to the Principal Secretary, Department of Urban Local Bodies and the Principal Secretary, Department of Panchayati Raj (States & UTs) to submit a response on such practice of proxy representation. Several cities, including Andhra Pradesh, Bihar, Odisha, and Uttarakhand, had submitted their responses. However, the Commission did not receive the action taken report nor any response from the remaining 32 states/UT.

The Commission took note of the allegations that the elected women representatives are often reduced to nominal or symbolic heads, while actual administrative and decision-making powers are exercised by their male relatives, who unofficially exercise the powers of the office. The complaint also raised the issue of the informal appointment of relatives of elected women representatives as their own liaison persons or representatives by Members of Parliament (MPs) and Members of Legislative Assemblies (MLAs), in Panchayati Raj Institutions (PRIs) and Urban Local Bodies (ULBs), allegedly resulting in undue interference with the functioning of constitutionally mandated local self-governance bodies. The complaint also emphasised the need for essential provisions to curb these unconstitutional practices, including the extension of the applicability of such provisions to Urban Local Bodies (ULBs), and the express prohibition on the appointment of male relatives of women representatives as liaison persons or representatives.

Recalling the 73rd Constitutional Amendment which introduced a three-tier Panchayati Raj system and mandated not less than one-third of the total number of offices of Chairpersons in the Panchayats at each level to be reserved for women, the Commission wrote, “The prevailing practice of proxy representation, whether through male relatives of elected women or through self-appointed liaison personnel undermines the legislative intent of such reservation and defeats the constitutional mandate.”

“Further, such practices violate the fundamental rights guaranteed under Articles 14, 15(3), and 21 of the Constitution of India, Right to equality, non-discrimination, and the Right to dignity and life, respectively. They also compromise the democratic mandate and constitutional integrity of the Panchayati Raj system and urban local bodies (ULBs)”, the letter read.

The Commission also mentioned, “Additionally, these actions may amount to criminal misconduct under the relevant provisions of the Bhartiya Nyaya Sanhita, 2023, including Sections 207, 223, and 316, which deal with impersonation of public servants, criminal breach of trust, and unlawful assumption of public functions.”

The Commission thus directed its Registry to issue Conditional Summons under Section 13 of the Protection of Human Rights Act, 1993, to the Principal Secretary, Department of Urban Local Bodies and Principal Secretary, Department of Panchayati Raj, of Arunachal Pradesh, Assam, Chhattisgarh, Goa, Gujarat, Haryana, Himachal Pradesh, Jharkhand, Karnataka, Keral, Madhya Pradesh, Maharashtra, Manipur, Meghalaya, Mizoram, Nagaland, Punjab, Rajasthan, Sikkim, Tamil Nadu, Telangana, Tripura, Uttar Pradesh, West Bengal, Andaman and Nicobar Islands, Chandigarh, Dadra and Nagar Haveli, Daman and Diu, Delhi (National Capital Territory), Jammu and Kashmir, Ladakh, Lakshadweep and Puducherry.

“The above mentioned authorities are directed to appear before the Commission on 30.12.2025 at 11:00 AM with requisite Action Taken Report, should however, if the requisite reports received in the Commission one week prior to the scheduled date (by 22.12.2025) then personal appearance of the above mentioned authorities, shall be dispensed with. However, if the above mentioned authorities fail to comply with the order of the Commission without lawful excuse; the above mentioned authorities will be subject to the consequences of non-attendance laid down in Rule 10 and Rule 12 of order XVI of Civil Procedure Code, 1908, including issuance of warrant”, the Commission ordered.

Lalluram

सरपंच पति प्रथा पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग सख्त: 24 राज्य और 8 केंद्रशासित प्रदेशों के प्रमुख अधिकारियों को समन जारी, महिला जनप्रतिनिधियों के अधिकारों की रक्षा के लिए बड़ा कदम

https://lalluram.com/national-human-rights-commission-takes-strict-action-against-the-practice-of-husbands-interfering-in-the-work-of-elected-female-village-heads/

Satyanarayan Shukla | 15 Dec 2025, 11:33 AM

मध्यप्रदेश

राकेश चतुर्वेदी, भोपाल। सरपंच पति प्रथा पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) ने सख्त कदम उठाया है। देश के 24 राज्य और 8 केंद्रशासित प्रदेशों के प्रमुख अधिकारियों को समन जारी किया है। महिला जन प्रतिनिधियों के अधिकारों की रक्षा के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का यह बड़ा कदम है।

प्रमुख सचिवों को भी समन जारी

इसी कड़ी में मध्यप्रदेश के पंचायत एवं नगरीय निकाय विभाग के प्रमुख सचिवों को भी समन जारी हुआ है। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने यह जानकारी दी। आयोग ने सभी प्रदेशों के पंचायत और शहरी निकाय विभाग से इस विषय पर कार्यवाही रिपोर्ट मांगी थी।

रिपार्ट नहीं मिलने पर मध्य प्रदेश को भी समन

शहरी निकाय और पंचायती राज विभाग के प्रमुख सचिवों को 30 दिसंबर को आयोग के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए है। 22 दिसंबर 2025 तक रिपोर्ट भेजने पर व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट मिल सकती है। रिपोर्ट नहीं देने और व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं होने पर आयोग ने कठोर कार्रवाई करने की बात कही है।

यह प्रथा समानता, गरिमा और जीवन के अधिकार का उल्लंघन

दरअसल प्रियंक कानूनगो की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने अपनी जांच में पाया कि यह प्रथा समानता, गरिमा और जीवन के अधिकार का उल्लंघन है। यह 73वें एवं 74वें संविधान संशोधनों की भावना के विपरीत है। जिनका उद्देश्य महिलाओं को वास्तविक सशक्तिकरण प्रदान करना है। ऐसे कृत्य भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत आपराधिक दायित्व को भी जन्म दे सकते हैं।

लोकतांत्रिक मूल्यों और महिलाओं की गरिमा के खिलाफ

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने पंचायत राज संस्थानों और शहरी स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षित पदों पर प्रधान पति कार्यप्रणाली को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य सुशील वर्मा की ओर से दायर शिकायत पर कदम उठाया है। सुशील वर्मा ने अपनी शिकायत में दावा किया था कि देश भर में कई स्थानों पर निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के स्थान पर उनके पति अथवा अन्य पुरुष रिश्तेदार वास्तविक सत्ता का प्रयोग कर रहे हैं, जो कि लोकतांत्रिक मूल्यों और महिलाओं की गरिमा के खिलाफ है।

प्रॉक्सी शासन लोकतंत्र पर सीधा प्रहार

आयोग ने दो टूक कहा है कि महिला आरक्षण का उद्देश्य केवल प्रतीकात्मक प्रतिनिधित्व नहीं, बल्कि वास्तविक नेतृत्व और निर्णयकारी भूमिका सुनिश्चित करना है, और किसी भी प्रकार का प्रॉक्सी शासन लोकतंत्र पर सीधा प्रहार है। यह आदेश महिला सशक्तिकरण, संवैधानिक शासन और स्थानीय स्वशासन संस्थाओं की गरिमा की रक्षा की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है।

मप्र में उठे थे मुद्दे

ग्वालियर में सितंबर में मामला आया था। कलेक्टर रुचिका सिंह चौहान की बैठक में पार्षद पति पहुंच गए थे। शहर की समस्याओं पर चर्चा के लिए बुलाई गई बैठक में पार्षद पति पहुंच गए थे। चार महिला पार्षदों की जगह उनके पति पहुंच गए थे। कलेक्टर ने पार्षद पतियों को कुर्सी से उठाकर पीछे बैठा दिया था। कलेक्टर ने कहा था- अब महिलाएं सबल हैं, पत्नियों को ही काम करने दीजिए।

अक्टूबर में गुना नगर पालिका ने निकाला आदेश

सीएमओ मंजूषा खत्री ने आदेश निकाला। आदेश में कहा कि- शासकीय कार्यालयों और बैठकों में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ उनके पति या पत्नियों की उपस्थिति पूर्णतः प्रतिबंधित है। नगरपालिका कार्यालय में आने पर भी पार्षद पतियों और उनके रिश्तेदारों पर रोक लगाई गई।

अप्रैल 2025

रतलाम जिला पंचायत में मुददा उठा था। साधारण सभा की बैठक में विवाद हुआ था। जिला पंचायत उपाध्यक्ष केशू निनामा और सदस्य डीपी धाकड़ ने महिला सदस्यों के साथ बैठक में उनके पति के आने पर आपत्ति दर्ज कराई थी। सभा कक्ष में लंबी बहस हुई थी। विवाद के बीच बैठक नहीं हो पाई थी।

PrimeTV India

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की सख्ती, सरपंच पति प्रथा पर 24 राज्यों के अधिकारियों को समन, महिला जनप्रतिनिधियों के अधिकारों की रक्षा

https://www.primetvindia.com/the-national-human-rights-commission-has-taken-a-strong-stance-summoning-officials-from-24-states-over-the-sarpanch-pati-system-protecting-the-rights-of-women-representatives/

Last updated: दिसम्बर 15, 2025 3:13 अपराह्न

By Editor | Published: दिसम्बर 15, 2025

भोपाल
सरपंच पति प्रथा पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) ने सख्त कदम उठाया है। देश के 24 राज्य और 8 केंद्रशासित प्रदेशों के प्रमुख अधिकारियों को समन जारी किया है। महिला जन प्रतिनिधियों के अधिकारों की रक्षा के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का यह बड़ा कदम है।

प्रमुख सचिवों को भी समन जारी

इसी कड़ी में मध्यप्रदेश के पंचायत एवं नगरीय निकाय विभाग के प्रमुख सचिवों को भी समन जारी हुआ है। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने यह जानकारी दी। आयोग ने सभी प्रदेशों के पंचायत और शहरी निकाय विभाग से इस विषय पर कार्यवाही रिपोर्ट मांगी थी।

रिपार्ट नहीं मिलने पर मध्य प्रदेश को भी समन

शहरी निकाय और पंचायती राज विभाग के प्रमुख सचिवों को 30 दिसंबर को आयोग के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए है। 22 दिसंबर 2025 तक रिपोर्ट भेजने पर व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट मिल सकती है। रिपोर्ट नहीं देने और व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं होने पर आयोग ने कठोर कार्रवाई करने की बात कही है।

यह प्रथा समानता, गरिमा और जीवन के अधिकार का उल्लंघन

दरअसल प्रियंक कानूनगो की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने अपनी जांच में पाया कि यह प्रथा समानता, गरिमा और जीवन के अधिकार का उल्लंघन है। यह 73वें एवं 74वें संविधान संशोधनों की भावना के विपरीत है। जिनका उद्देश्य महिलाओं को वास्तविक सशक्तिकरण प्रदान करना है। ऐसे कृत्य भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत आपराधिक दायित्व को भी जन्म दे सकते हैं।

लोकतांत्रिक मूल्यों और महिलाओं की गरिमा के खिलाफ

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने पंचायत राज संस्थानों और शहरी स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षित पदों पर प्रधान पति कार्यप्रणाली को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य सुशील वर्मा की ओर से दायर शिकायत पर कदम उठाया है। सुशील वर्मा ने अपनी शिकायत में दावा किया था कि देश भर में कई स्थानों पर निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के स्थान पर

उनके पति अथवा अन्य पुरुष रिश्तेदार वास्तविक सत्ता का प्रयोग कर रहे हैं, जो कि लोकतांत्रिक मूल्यों और महिलाओं की गरिमा के खिलाफ है।

प्रॉक्सी शासन लोकतंत्र पर सीधा प्रहार

आयोग ने दो टूक कहा है कि महिला आरक्षण का उद्देश्य केवल प्रतीकात्मक प्रतिनिधित्व नहीं, बल्कि वास्तविक नेतृत्व और निर्णयकारी भूमिका सुनिश्चित करना है, और किसी भी प्रकार का प्रॉक्सी शासन लोकतंत्र पर सीधा प्रहार है। यह आदेश महिला सशक्तिकरण, संवैधानिक शासन और स्थानीय स्वशासन संस्थाओं की गरिमा की रक्षा की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है।

मप्र में उठे थे मुद्दे

ग्वालियर में सितंबर में मामला आया था। कलेक्टर रुचिका सिंह चौहान की बैठक में पार्षद पति पहुंच गए थे। शहर की समस्याओं पर चर्चा के लिए बुलाई गई बैठक में पार्षद पति पहुंच गए थे। चार महिला पार्षदों की जगह उनके पति पहुंच गए थे।
कलेक्टर ने पार्षद पतियों को कुर्सी से उठाकर पीछे बैठा दिया था। कलेक्टर ने कहा था- अब महिलाएं सबल हैं, पत्नियों को ही काम करने दीजिए।

अक्टूबर में गुना नगर पालिका ने निकाला आदेश

सीएमओ मंजूषा खत्री ने आदेश निकाला। आदेश में कहा कि- शासकीय कार्यालयों और बैठकों में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ उनके पति या पत्नियों की उपस्थिति पूर्णतः प्रतिबंधित है। नगरपालिका कार्यालय में आने पर भी पार्षद पतियों और उनके रिश्तेदारों पर रोक लगाई गई।

अप्रैल 2025

रतलाम जिला पंचायत में मुददा उठा था। साधारण सभा की बैठक में विवाद हुआ था। जिला पंचायत उपाध्यक्ष केशू निनामा और सदस्य डीपी धाकड़ ने महिला सदस्यों के साथ बैठक में उनके पति के आने पर आपत्ति दर्ज कराई थी। सभा कक्ष में लंबी बहस हुई थी। विवाद के बीच बैठक नहीं हो पाई थी।

Dainik Bhaskar

अमिताभ ठाकुर के साथ अन्याय का आरोप:आजाद अधिकार सेना ने कहा- अन्याय हुआ, बड़े आंदोलन करेंगे

https://www.bhaskar.com/amp/local/uttar-pradesh/deoria/news/allegations-of-injustice-against-amitabh-thakur-136674212.html

अनुग्रह नारायण शाही | देवरिया10 घंटे पहले

देवरिया। धोखाधड़ी के मामले में जिला कारागार में बंद रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी और आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर से रविवार को पार्टी पदाधिकारियों ने मुलाकात की। मुलाकात के बाद पदाधिकारियों ने स्टेशन रोड स्थित एक होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि अमिताभ ठाकुर के साथ अन्याय और ज्यादती हुई है। उन्होंने इसे दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई बताया और इस प्रकरण को लेकर वृहद आंदोलन छेड़ने की योजना बनाने की बात कही।

पार्टी पदाधिकारियों का आरोप है कि अमिताभ ठाकुर लंबे समय से भ्रष्टाचार, प्रशासनिक अनियमितताओं और मानवाधिकारों के मुद्दों पर मुखर रहे हैं। इसी कारण उन्हें चुनिंदा तरीके से निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि गिरफ्तारी और जेल में रखे जाने की प्रक्रिया में नियमों की अनदेखी की गई है।

इस बीच, रिटायर्ड आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने जेल प्रशासन के खिलाफ 80 पन्नों की विस्तृत शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार, इसमें से 50 पन्नों का ज्ञापन राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और राज्य मानवाधिकार आयोग को भेजा गया है, जबकि 30 पन्नों की शिकायत मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) को प्रेषित की गई है। ये सभी शिकायतें अंग्रेजी भाषा में लिखी गई हैं।

पदाधिकारियों ने बताया कि शिकायत पत्र में जेल में मिलने वाली सुविधाओं, व्यवहार, कानूनी अधिकारों और मानवाधिकारों के उल्लंघन से जुड़े बिंदुओं को विस्तार से उठाया गया है। उनका दावा है कि अमिताभ ठाकुर को जेल में मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है।

आजाद अधिकार सेना के नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में निष्पक्ष जांच और न्याय नहीं मिला, तो पार्टी इसे प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर उठाएगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही रणनीति तय कर शांतिपूर्ण लेकिन प्रभावी आंदोलन किया जाएगा।

इस पूरे घटनाक्रम को लेकर राजनीतिक और सामाजिक हलकों में भी चर्चा तेज हो गई है। समर्थकों का कहना है कि यह मामला केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से जुड़ा हुआ है।

Prabhat Khabar

लंबित व न्यायालय से संबंधित मामलों का त्वरित करें निष्पादन: डीएम

जिलाधिकारी अंशुल कुमार ने संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया.

https://www.prabhatkhabar.com/state/bihar/purnia/expedite-the-execution-of-pending-and-court-related-cases/amp

By AKHILESH CHANDRA | December 15, 2025 6:26 PM

जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ बैठक कर की कार्यों की समीक्षा

अतिक्रमण की कार्रवाई व यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने का दिया निर्देश

पूर्णिया. जिलाधिकारी अंशुल कुमार ने संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया है और कहा है कि शहरी क्षेत्र में जाम के निदान के लिए वाहनों की पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित हो. जिलाधिकारी श्री कुमार ने सभी संबंधित अधिकारियों को मुख्यालय से प्राप्त अति महत्वपूर्ण पत्रों एवं न्यायालय से संबंधित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. जिलाधिकारी श्री कुमार महानंदा सभागार में आहूत अधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे. इस दौरान उन्होंने विभागवार सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी एवं विकासात्मक योजनाओं की अद्यतन प्रगति एवं उपलब्धियों की समीक्षा भी की. बैठक में जिलाधिकारी ने क्रमवार रूप से विभागवार मुख्यालय से प्राप्त पत्रों के निष्पादन की प्रगति, शिक्षा विभाग, बिहार राज्य आवास बोर्ड के कार्यों की समीक्षा, न्यायालय से संबंधित मामले, खेल विभाग, राज्य अनुसूचित जाति जनजाति आयोग, कला संस्कृति एवं युवा विभाग, नगर निगम पूर्णिया के कार्यों की समीक्षा, निर्वाचन विभाग, सड़क सुरक्षा परिषद, लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम अंतर्गत आवेदनों के निष्पादन की अद्यतन स्थिति, मानवाधिकार आयोग, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, बिहार मानवाधिकार आयोग से प्राप्त पत्रों के निष्पादन की समीक्षा की गयी, जिसमें प्रगति संतोषजनक पाया गया.

निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही हो वाहनों की पार्किंग

समीक्षा के क्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी एवं डीएसपी यातायात को निर्देशित किया गया कि पूर्णिया शहरी क्षेत्र में वाहनों की पार्किंग को लेकर जाम की समस्या उत्पन्न नहीं हो, इसके लिए लगातार भ्रमणशील रहकर निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही वाहनों की पार्किंग करना सुनिश्चित करें. जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त को निर्देशित किया कि शहरी क्षेत्र में यत्र-तत्र लोग फल और सब्जी की दुकान लगाकर जाम की समस्या उत्पन्न करते हैं. उन्हें निर्धारित स्थलों पर ही फल एवं सब्जी की दुकान सुनिश्चित कराएं, ताकि आम लोगों के आवागमन एवं यातायात में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं हो.

अवैध अतिक्रमण की कार्रवाई लगातार करते रहने तथा यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने का भी निर्देश उन्होंने दिया. बैठक में वरीय पदाधिकारी एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी तथा संबंधित अधिकारियों के अलावा अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे.

...

डिस्क्लेमर: यह प्रभात खबर समाचार पत्र की ऑटोमेटेड न्यूज फीड है. इसे प्रभात खबर डॉट कॉम की टीम ने संपादित नहीं किया है

Times of Taj

प्रतिबंधित चीनी मांझे से हो रही मौतें जीवन के अधिकार पर हमला – अजय राय

https://timesoftaj.com/2025/12/16/deaths-caused-by-banned-chinese-kite-string-are-an-attack-on-the-right-to-life-ajay-rai/

Times of Taj December 16, 2025 उत्तर प्रदेश

लखनऊ, उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय, लखनऊ से राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी), नई दिल्ली को पत्र भेजकर प्रदेश में प्रतिबंधित चीनी मांझे से हो रही निर्दोष मौतों पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि नायलॉन व धातु मिश्रित अत्यंत तेज मांझे का खुलेआम अवैध व्यापार प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम है, जो सीधे तौर पर संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत नागरिकों के जीवन के मूल अधिकार का घोर उल्लंघन है। अजय राय ने पत्र में उल्लेख किया है कि प्रतिबंध के बावजूद चीनी मांझा बाजारों में उपलब्ध है और लगातार निर्दोष नागरिक इसकी चपेट में आकर अपनी जान गंवा रहे हैं। यह केवल कानून-व्यवस्था की नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनहीनता और राज्य की संरचनात्मक विफलता का भी गंभीर उदाहरण है। पीड़ित परिवारों को न तो समय पर मुआवजा मिल रहा है और न ही दोषियों पर कठोर कार्रवाई हो रही है।

उन्होंने एनएचआरसी से सात सूत्री मांगें रखते हुए सभी घटनाओं पर स्वतः संज्ञान लेकर विस्तृत जांच कराने, राज्य सरकार से एक्शन टेकन रिपोर्ट तलब करने, मृतकों के परिजनों को तत्काल उचित मुआवजा देने, प्रत्येक परिवार के एक आश्रित को सरकारी नौकरी अथवा पुनर्वास उपलब्ध कराने, मांझा माफिया व लापरवाह अधिकारियों पर सख्त आपराधिक व विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित करने, भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम हेतु प्रभावी नीति व निगरानी तंत्र लागू करने तथा जौनपुर, शाहजहांपुर व वाराणसी से संबंधित समाचार क्लिपिंग्स पर त्वरित हस्तक्षेप की मांग की है।

अजय राय ने कहा कि यदि समय रहते ठोस और कठोर कदम नहीं उठाए गए तो निर्दोष नागरिक इसी तरह मौत का शिकार होते रहेंगे और यह मानवाधिकार संरक्षण तंत्र की विफलता के रूप में दर्ज होगा।

11 दिसंबर 2025 को जौनपुर के शास्त्री पुल पर बेटी को स्कूल छोड़कर लौट रहे शिक्षक संदीप त्रिपाठी (39 वर्ष) की चीनी मांझे से गर्दन कटने के कारण मृत्यु हो गई। शाहजहांपुर में मोटरसाइकिल से जा रहे सिपाही शाहरुख हसन (27 वर्ष) की भी इसी तरह जान चली गई। वहीं 31 दिसंबर को वाराणसी में विवेक की गंभीर चोटों से मृत्यु हो गई, जबकि उनकी मां श्यामलता घायल हैं। इन घटनाओं ने प्रशासनिक सतर्कता और सरकारी दावों की पोल खोल दी है।

जौनपुर पुलिस द्वारा छापेमारी कर 70 किलो प्रतिबंधित चीनी मांझा जब्त किया गया है और चार विक्रेताओं को गिरफ्तार किया गया है, हालांकि कई कारोबारी अब भी फरार बताए जा रहे हैं। कांग्रेस ने मांग की है कि केवल प्रतीकात्मक कार्रवाई नहीं, बल्कि अवैध कारोबार की जड़ पर प्रहार किया जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति पूरी तरह रोकी जाए।

ETV Bharat

हाईकोर्ट नोटिस का असर: सऊदी सरकार ने रमेश मेघवाल की देह भारतीय दूतावास को सौंपी

राजस्थान हाईकोर्ट के नोटिस के बाद सऊदी अरब सरकार ने मृत भारतीय युवक रमेश कुमार मेघवाल का शव भारतीय दूतावास को सौंपा.

https://www.etvbharat.com/hi/state/the-saudi-arabian-government-handed-over-ramesh-kumar-meghwals-body-to-the-indian-embassy-rajasthan-news-rjs25121506599

By ETV Bharat Rajasthan Team

Published : December 15, 2025 at 9:36 PM IST

3 Min Read

बूंदी: सऊदी अरब दूतावास को राजस्थान हाईकोर्ट के नोटिस के बाद सऊदी पुलिस ने बालोतरा जिले के मेघवालों की ढाणी निवासी रमेश कुमार मेघवाल की देह भारतीय दूतावास को सौंप दिया है. भारतीय दूतावास ने भी दिवंगत देह को भारत भेजने के लिए एनओसी जारी कर दी है. रमेश की मां तीजू देवी की याचिका पर 11 दिसंबर को जस्टिस नूपुर भाटी ने सऊदी अरब दूतावास को नोटिस जारी कर आगामी 17 दिसंबर को जवाब तलब किया था.

दूतावास ने मेल भेजकर दी जानकारी: सोमवार को रियाद स्थित भारतीय दूतावास ने रमेश कुमार मेघवाल के शव को सम्मानजनक अंतिम संस्कार के लिए भारत लाने के लिए राष्ट्रपति सचिवालय में याचिका दायर करने वाले राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक बूंदी निवासी चर्मेश शर्मा को अधिकृत रूप से मेल भेजकर यह जानकारी दी है.

चर्मेश शर्मा ने बताया कि दूतावास से जानकारी मिली है कि शव को भारत भेजने के लिए फ्लाइट में कार्गो बुकिंग की प्रक्रिया की जा रही है. चर्मेश शर्मा ने राष्ट्रपति सचिवालय में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम याचिका दायर की थी और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग व विदेश मंत्रालय में भी अधिकृत शिकायत दर्ज करवाई थी. शर्मा की याचिका पर राष्ट्रपति सचिवालय ने विदेश मंत्रालय को कार्यवाही के निर्देश दिए थे. इसके बाद ही भारतीय दूतावास ने इस मामले में सऊदी पुलिस द्वारा रमेश कुमार मेघवाल की दिवंगत देह को मेडिकल रिपोर्ट के नाम पर भारतीय दूतावास को नहीं सौंपने की

हाईकोर्ट ने दिया था नोटिस: रमेश कुमार मेघवाल की मृत्यु के 27 दिन बाद भी शव अंतिम संस्कार के लिए भारत नहीं भेजे जाने पर रमेश की मां तीजू देवी ने 10 दिसंबर को राजस्थान हाईकोर्ट में याचिका दायर कर अपने बेटे के शव को भारत लाने की गुहार लगाई थी. राजस्थान हाईकोर्ट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए 11 दिसंबर को इस मामले में सऊदी अरब सरकार के नई दिल्ली स्थित दूतावास के साथ भारत सरकार के विदेश सचिव विक्रम मिश्री और राजस्थान सरकार को भी नोटिस जारी कर जवाब तलब किया था. आगामी 17 दिसंबर को हाईकोर्ट में सऊदी अरब सरकार व भारत सरकार को इस मामले में जवाब देना था. लेकिन हाईकोर्ट की तारीख से पहले ही सऊदी अरब सरकार ने स्व. रमेश कुमार मेघवाल की दिवंगत देह को भारतीय दूतावास को सौंप दिया.

11 अक्टूबर 2025 को रोजगार के लिए सऊदी अरब गए रमेश कुमार मेघवाल की 13 नवंबर 2025 को रियाद में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई थी. सऊदी अरब पुलिस द्वारा दिवंगत देह को भारतीय दूतावास को सौंपने और भारतीय दूतावास द्वारा एनओसी जारी करने के बाद अब जल्द ही रमेश कुमार मेघवाल की दिवंगत देह को वतन की मिट्टी नसीब हो पाएगी. सऊदी अरब से उन्हें भारत भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है.